आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी गौतमबुद्धनगर जिले के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी महेश शर्मा के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। बुलंदशहर के सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र स्थित अपने पैतृक गांव भटोना में हुई चुनावी जनसभा के दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उधर, बहुजन समाज पार्टी से बिजनौर के पूर्व सांसद मलूक नागर ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ले ली है। इस बीच, लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। हमारे पीलीभीत प्रतिनिधि ने बताया कि वहां भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के लिए जल शक्ति मंत्री और भाजपा नेता स्वतंत्र देव सिंह भी चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस सीट के लिये समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव कल पूरनपुर में चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं, बीसलपुर में आगामी पंद्रह अप्रैल को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की भी जनसभा होगी।

****

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की भदोही लोकसभा सीट से डॉ विनोद कुमार बिंद को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार उनके नाम पर केंद्रीय चुनाव समिति ने स्वीकृति प्रदान की है। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि डॉ विनोद कुमार बिंद पेशे से चिकित्सक हैं और मझवां सीट से विधायक हैं। भदोही के मौजूदा सांसद रमेश बिंद को इस बार पार्टी ने अपना प्रत्याशी नहीं बनाया है। इस संसदीय सीट पर टीएमसी के प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी पहले से ही चुनाव मैदान में हैं।

****

पूरे प्रदेश में ईद–उल–फित्र का त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है । प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में आज एक सौ छप्पन ईदगाहों और एक सौ तिरपन मस्जिदों पर ईद की नमाज पढ़ी गयी । इस मौके पर वहां कई स्थानों पर मेले भी लगे हैं। भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में भी लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाइयां दीं और गले मिल कर सौहार्द का संदेश दिया । मऊ जिले में लोगों ने नमाज के दौरान देश की खुशहाली की दुआ मांगी। बलरामपुर जिले में ईद पर्व के दौरान पुलिस अधीक्षक ने खुद गश्त लगाकर कानून व्यवस्था का जायजा लिया । कुशीनगर जिले में मस्जिदों के बाहर हिंदू समुदाय के लोगों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिल कर उन्हें ईद की बधाइयां दीं। अम्बेडकर नगर जिले में लोगों ने अमन चैन के साथ ईद मनाते हुए भाईचारे की दुआ मांगी। विश्व प्रसिद्ध ताजमहल में देश विदेश से आए लोगों ने नमाज पढ़ी। ईद को देखते हुए सुबह सात बजे से नौ बजे तक ताजमहल में पर्यटकों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया, लेकिन मुख्य मकबरे के लिए शुल्क की व्यवस्था जारी रही। गोरखपुर जिले के शाहमारूफ स्थित बड़ी मस्जिद,मदीना मस्जिद और बाले मियां का मैदान समेत कई स्थानों पर ईद का पर्व मनाया गया और लोगों की भारी भीड़ देखी गयी।

****

भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर स्थित अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रुस से इंस्ट्रूमेंट लैंडिग सिस्टम–आईएलएस मशीन लाई गयी है । इस मशीन के क्रियाशील होने के बाद साढ़े पांच सौ मीटर की दृश्यता होने पर भी एयर क्राफ्ट हवाई अड्डे पर उतारे जा सकेंगे। एयरपोर्ट के निदेशक राजेंद्र प्रसाद लंका ने बताया कि यह मशीन एक नेविगेशन सिस्टम है। एयरपोर्ट पर डॉप्लर वेरी ओमनी रेंज– डीवीओआर का काम पहले से पूरा हो चुका है । इन दोनों मशीनों के चालू हो जाने पर एयरपोर्ट से हवाई उड़ान में सुगमता हो जाएगी।

****

बीते चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में हुई दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हो गये। पीलीभीत जिले के जहानाबाद थानाक्षेत्र में आज सुबह तीन अलग अलग बाईक पर नमाज पढ़ने जा रहे पांच लोगों को निसरा गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं, शाहजहांपुर जिले में कल पुवाया क्षेत्र के निगोही रोड पर एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी, जिसमें कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना में घायल दो लोगों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

****

आजमगढ़ जिले के दीदारगंज क्षेत्र में कल तालाब में नहाते समय चार बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। सात से दस वर्ष आयुवर्ग के इन सभी बच्चों का पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

****

बीती रात गोरखपुर तथा आसपास के जिलों में तेज हवाएं चलीं और गरज चमक के साथ बारिश भी हुई, हांलाकि दिन में तेज धूप और गर्मी महसूस की गयी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कानपुर, कानपुर देहात और रायबरेली सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी तेज हवाओं के साथ हल्की से लेकर तेज वर्षा हुई। इस बीच, मौसम विभाग ने तेरह और चौदह अप्रैल को भी प्रदेश के कुछ जिलों में गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार प्रदेश के पश्चिमी जिलों के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की भी संभावना है।

****